वित्तीय साक्षरता सप्ताह

04–08 जून, 2018

एक सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग अनुभव के लिए अच्छी आदतें

क्या करें तथा क्या न करें

ऑनलाईन एवं मोबाईल बैंकिंग

क्या करें

- भुगतान के लिए केवल सत्यापित और विश्वसनीय ब्राउजर तथा HTTPS सुरक्षित वेबसाइटों का ही उपयोग करें।
- यह सुनिश्चित करें कि आप अपना पासवर्ड नियमित आधार पर बदलें।
- हमेशा अपने भुगतान संबंधी एप्लिकेशन को नवीनतम संस्करण से अद्यतन (अपडेट) रखें।

क्या न करें

- कभी भी मोबाईल पर लॉग–इन क्रेडेंशियल (यूजर आईडी, पासवर्ड आदि) को सेव न करें, साथ ही, अविश्वसनीय कियोस्क पर कभी अपने क्रेडेंशियल न डालें।
- सार्वजनिक कम्प्यूटरों/उपकरणों अथवा असुरक्षित / खुले नेटवर्क के माध्यम से लेन–देन करने से बचें।
- अपने मोबाईल बैंकिंग पिन अथवा इंटरनेट बैंकिंग पासवर्ड को किसी के भी साथ साझा नहीं करें।

यूनीफाईड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) / भीम

क्या करें

- सुनिश्चित करें कि आप केवल इच्छित लाभार्थियों को ही पैसा अंतरित करें।
- भुगतान करने के पूर्व सही लाभार्थी का भुगतान एकत्र अनुरोध विवरण (Payment collect request details) और राशि जाँच लें।

क्या न करें

- कभी भी अपना यूपीआई पिन साझा न करे अथवा इसे कहीं न लिखें।
- प्राप्तकर्ता को सत्यापित किए बिना धन अंतरित करने से बचें।



क्रेडिट तथा डेबिट कार्ड



क्या करें

- हमेशा उपयोग के दौरान अपने कार्ड पर नजर रखें और इसे तत्परता से वापस ले लें।
- हमेशा जांच लें कि लेन–देन के एसएमएस विवरण और वास्तविक लेन–देन के बीच कोई विसंगति तो नहीं है।
- यह सुनिश्चित करें कि आप रसीदों और लेन–देन के विवरण को सुरक्षित रूप से नष्ट करें दें।

क्या न करें

- अपने कार्ड का विवरण और पिन किसी से भी साझा करने से बचें।
- अपना क्रेडिट अथवा डेबिट कार्ड किसी और के पास न छोड़ें।
- अपना पासवर्ड / ओटीपी / पिन किसी से साझा न करें।

वित्तीय साक्षरता – समृद्धि का रास्ता

अच्छी आदतें

जनहित में जारी

भारतीय रिज़र्व बैंक

www.rbi.org.in